# युवाओं को मिलेगा डिजिटल कौशल विकास का नया मंच

## • यूपीईएस में छात्रों के लिए शुरू हुआ भविष्य के लिए तैयार कार्यक्रम

भास्कर समाचार सेवा



सेल्सफोर्स डे यूपीईएस कार्यक्रम के दौरान यूपीईएस व सेल्फफोर्स के पदाधिकारी।

देहरादून। यूपीईएस के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस ने गुरुवार को सेल्सफोर्स के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत यूपीईएस में एक विशेष कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया गया है, जो छात्रों को उद्योग-उन्मुख और वास्तविक जीवन से जुड़े शिक्षा अनुभव प्रदान करेगा। उत्तराखंड में इस तरह की यह पहली पहल है, जो वैश्विक उद्योग भागीदारों के साथ मिलकर भविष्य-उन्मुख लर्निंग इकोसिस्टम तैयार करने में यूपीईएस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर सेल्सफोर्स डे यूपीईएस का आयोजन किया गया, जिसका विषय था प्रतिभा, उद्देश्य, साझेदारः कल का इकोसिस्टम मिलकर बनाना। इस कार्यक्रम में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और आईबीएम जैसे प्रमुख सेल्सफोर्स भागीदार शामिल हुए, जो इस टैलेंट हब को रणनीतिक सलाह, मार्गदर्शन, और प्रमाणित कौशल विकास के अवसरों से सशक्त बनाएंगे। दिन की शुरुआत कार्यकारी संवाद से हुई, जिसमें सेल्सफोर्स के वरिष्ठ अधिकारी, भागीदार और यूपीईएस नेतृत्व शामिल हुआ। इसके बाद चुने गए छात्रों ने छोटे समूहों में आयोजित विषय पर आधारित चर्चाओं तथा उद्योग विशेषज्ञों द्वारा संचालित विचार-विमर्शों और व्यावहारिक कार्यशालाओं में भाग लिया। चर्चाओं के विषयों में कॉलेज से क्लाउड तक का सफर, प्रमाणन का महत्व, क्लाइंट-फर्स्ट माइंडसेट और क्रिएटिविटी में सीआरएम की भूमिका शामिल थी। यूपीईएस में शुरू किया गया यह स्किलिंग कार्यक्रम सेल्सफोर्स प्रमाणित कोर्स निशुल्क और सशुल्क दोनों प्रकार के प्रदान करेगा। इसके साथ ही यह फैकल्टी और उद्योग के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करेगा, जिससे पाठ्यक्रम में लगातार सुधार और अद्यतन किया जा सके। यह हब एक उच्च-प्रभावी प्रतिभा नेटवर्क के रूप में कार्य करेगा, जो छात्रों को सेल्सफोर्स और इसके वैश्विक भागीदारों के साथ करियर अवसरों से जोड़ेगा। डॉ. विजयशेखर चेल्लाबोइना डीन स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस यूपीईएस ने कहा कि यह सहयोग हमारे भविष्य की यूनिवर्सिटी के दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें हम अकादमिक शिक्षा में उद्योग की अंतर्दृष्टि को एकीकृत करते हैं। एक डिजिटल-प्रथम अर्थव्यवस्था में छात्रों को केवल तकनीकी जानकारी नहीं, बल्कि उद्योग-संदर्भ और मार्गदर्शन भी चाहिए। सेल्सफोर्स और इसके वैश्विक भागीदारों के सहयोग से यह हब हमारे छात्रों को डिजिटल नवाचार और पेशेवर तैयारियों में सबसे आगे रखेगा। संकल्प अटल मैनेजिंग डायरेक्टर ऑपरेशंस एंड टेक्नोलॉजी सेल्सफोर्स इंडिया ने कहा कि जैसे-जैसे तकनीक हमारे जीवन, कार्य और सीखने के तरीके को फिर से परिभाषित कर रही है, हमें यह भी पुनः सोचना होगा कि हम प्रतिभा को कैसे तैयार करें। यूपीईएस के साथ हमारा यह सहयोग एक सार्थक कदम है—जहां शिक्षा, उद्योग और नवाचार मिलकर एक ऐसा कार्यबल तैयार कर रहे हैं जो डिजिटल रूप से सक्षम और उद्देश्य-प्रेरित हो। जब हम सेल्सफोर्स की स्किल्स, टूल्स और मार्गदर्शन को शिक्षा यात्रा में शामिल करते हैं, तो हम छात्रों को प्रमाणपत्रों, व्यावहारिक अनुभव और उद्योग की समझ से लैस करते हैं, जो उन्हें एआई-प्रथम डिजिटल अर्थव्यवस्था में सफलता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। यह न केवल यूपीईएस के लिए एक उपलब्धि है, बल्कि डिजिटल शिक्षा और रोजगार की दिशा में एक दूरदर्शी निवेश भी है।